विद्यार्थी का नाम ______________________ रोल नंबर ________

कक्षा - 4

विषय - परिवेश अध्ययन

समय : **180** मिनट अंक : 80

---

निर्देश-

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |
2. प्रश्नों के रूप के अनुसार प्रश्न-पत्र को पाँच भागों क,ख,ग,घ,ड में बाँटा गया है |

---

**भाग-क (बहुविकल्पी प्रश्न)**

**(1-15) सही उत्तर का चयन करके लिखें | प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है |**

1. केरल में महिलाएं दो भाग की एक विशेष साड़ी पहनती हैं, जिसे .........कहते हैं|

क) फिरन ख) सेटमुंड।


ग) पैठणी घ) चनिया-चोली

2. पौधे की वृद्धि के लिए निम्न में से क्या आवश्यक है?

क) सूर्य का प्रकाश ख) जल

ग) अन्य पोषक तत्व घ) उपरोक्त सभी

3. नीचे दिए गए घर के चित्र में सामने पूर्व दिशा है तो अन्य तीन ओर कौन सी दिशाएं होंगी? चित्र में दिए गए अंकों और दिशाओं का सही क्रम चुनें।





क) 1 - पश्चिम, 2 - उत्तर, 3 - दक्षिण। ख) 1 - उत्तर, 2 - पश्चिम, 3 - दक्षिण।

ग) 1 - दक्षिण, 2 - पश्चिम, 3 -उत्तर । घ) 1 - उत्तर, 2 - दक्षिण, 3 - पश्चिम।

4. भारतीय नोटों पर किस बैंक का नाम लिखा होता है?

क) भारतीय स्टेट बैंक
ख) पंजाब नेशनल बैंक
ग) भारतीय रिजर्व बैंक
घ) बैंक ऑफ इंडिया

5. चित्र में दिए गए अंकों के अनुसार जीभ द्वारा स्वाद की अनुभूति का स्थान निर्धारण करें।




क) 1- खट्टा, 2- कड़वा, 3- नमकीन, 4- मीठा
ख) 1- नमकीन, 2- मीठा, 3- कड़वा, 4- खट्टा
ग) 1- कड़वा, 2- खट्टा, 3- नमकीन, 4- मीठा
घ) 1- मीठा, 2- खट्टा, 3- नमकीन, 4- कड़वा

6. हरियाणा की एक महिला कुश्ती खिलाड़ी का नाम बताओ।

क) बबीता फौगाट
ख) सानिया मिर्जा
ग) पी. टी. ऊषा
घ) कल्पना चावला

7. ___________ घर के अंदर मनोरंजन का एक साधन है।

क) लुडो
ख) क्रिकेट
ग) फुटबॉल
घ) बास्केटबॉल

8. नीचे कुछ खाने -पीने की चीजों के नाम दिए गए हैं। इनमें से कौन सी चीज सबसे पहले खराब होगी?

क) सेब
ख) आचार
ग) दूध
घ) गुड़

9. दूध के दांत कितने होते हैं?

क) 32 ख) 15 ग) 20 घ) 28

10. कौन सा पक्षी फलों को कुतर - कुतर कर खाता है?

क) तोता ख) मोर ग) बगुला घ) चील

11. हमारे राष्ट्रीय पुष्प का क्या नाम है?

क) कमल
ख) गुलाब
ग) गेंदा
घ) रजनीगंधा

12. इनमें से कौन-सा पौधा एक खरपतवार है?

क) गेहूं ख) धान

ग) बथुआ घ) बाजरा

13 इनमें से कौन सा जानवर समूह में नहीं रहता है?

क) हाथी ख) शेर

ग) नीलगाय घ) मधुमक्खी

14 नीचे कुछ जलस्रोतों के नाम दिए गए हैं। बताइए की इनमें से कौन-सा जलस्रोत मानवनिर्मित है?

क) सागर ख) नदी

ग) झील घ) नहर

15 सुल्तानपुर नेशनल पार्क हरियाणा के किस जिले में स्थित है?

क) सोनीपत ख) पंचकुला

ग) हिसार घ) गुरुग्राम


**भाग- ख (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)**

**(16-25) प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है ।**

**16.** वाष्प के दोबारा पानी के बूंदों में बदलने को.................... कहते हैं।

17. गुरुद्वारे में होने वाले सामूहिक भोज को........................... कहते हैं।

18. चित्र में दिखाए गए योगासन का नाम लिखें।



19. चित्र में चारों में से एक जो बेमेल है उसका नाम लिखें।



20. मधुमक्खी के छत्ते में.......................... अंडे देती है।

21. चित्र में दिखाए गए शेर के लंबे नुकीले दांत क्या कहलाते हैं और किस काम आते हैं **?**



22. अभी हाल ही में मुगल गार्डन का नाम बदला गया है। मुगल गार्डन का नया नाम क्या है**?**

23. तुम्हारे क्लासरूम में क्या - क्या कचरा हो सकता है**?**

**(24-25)** सही अथवा गलत कथन बताएँ।

24. हमें खाने से पहले हाथ नहीं धोने चाहिए।

25. बंदर**,** कुत्ते**,** बिल्ली आदि के काटने से रेबीज नामक बीमारी होती है।

**भाग-ग (अति लघुउत्तरात्मक प्रश्न)**

**(26-33) इन प्रश्नों के उत्तर 10-20 शब्दों में लिखें| | प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है |**

26. आपका पसंदीदा खेल कौन-सा है? उसके कोई दो नियम बताओ।

27. भारत के 'बर्डमैन' के विषय में आप क्या जानते हैं?

28. मधुमक्खी पालन के बारे में आप क्या जानते हैं? अपने शब्दों में वर्णन कीजिए।

29. पाठ 20 'सपनों के पंख' के आधार पर केरल राज्य के विषय में विस्तार से लिखें।

30. पॉलिथीन का कचरा कम करने के लिए हम क्या कर सकते हैं?

31. क्या जीवों के शरीर पर बाल होने और बाहरी कान होने के बीच कोई संबंध होता है?

32. हमारे जीवन में कंप्यूटर के क्या-क्या उपयोग हैं?

33. पाठ 15 'कहां-कहां से जल' के आधार पर बताएं कि बारिश कैसे आती है?

**भाग-घ (लघुउत्तरात्मक प्रश्न)**

**(34-41) इन प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखें| प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है |**

34. खेती के व्यवसाय का हमारे जीवन में क्या योगदान है? यदि किसान अपना काम छोड़ दें तो क्या होगा?

35. यदि तुम्हें अपने घर पर जन्मदिन की पार्टी आयोजित करनी है तो तुम उसके लिए क्या - क्या व्यवस्था करोगे?

36. गुड़ बनाने की विधि का अपने शब्दों में वर्णन करें।

37. स्थाई दांत से आप क्या समझते हैं? इसके प्रकार एवं उनके कार्यों को लिखें।

38. तेज आंधी आने पर नीम के पेड़ की टहनी टूट गयी परन्तु पेड़ नहीं उखड़ा? कारण बताएं |

39. फूलों का तुम्हारे जीवन में क्या-क्या उपयोग है?

40. पेड़ों के कट जाने से पक्षी, पशु और मनुष्य किस प्रकार प्रभावित होंगे? विस्तार से बताएं।

41. आज के मकानों को बनाने में लगने वाली निर्माण सामग्री पुराने मकानों में लगने वाली निर्माण सामग्री से किस प्रकार अलग है?

**भाग-ड (दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न)**

**(42-44) इन प्रश्नों के उत्तर 50-60 शब्दों में लिखें | प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है |**

42. एकल परिवार और संयुक्त परिवार से आप क्या समझते हैं? दोनों में से आप किसे अच्छा मानते हैं और क्यों?

43. जल संरक्षण क्यों आवश्यक है? तुम अपने स्तर पर जल संरक्षण के लिए आप क्या कर सकते हैं?

44. यातायात के नियमों का विस्तारपूर्वक वर्णन करो।